classmate
Date
Page

मौखिक -

क → अब्राहम का जन्म अमरीका में 'पिजन क्रीक' नामक गाँव में हुआ था।

ख → अब्राहम लिंकन एक झोपड़ी में रहते थे, जिसकी टूटी खिड़कियों से ठंडी हवा सीधी अंदर आती थी। छत टूटी हुई थी इसलिए वर्षा ऋतु में छत से पानी टपकता था।

ग- अब्राहम लिंकन को किताबें पढ़ने का बहुत शौक था।

घ- अब्राहम लिंकन सड़क की रोशनी में पढ़ता था। क्योंकि घर में रोशनी के लिए तेल उपलब्ध नहीं था।

लिखित -

क- अब्राहम लिंकन को 'आजादी का मसीहा' कहा जाता है क्योंकि अमरीका में पहले दास प्रथा थी। वहां उन्होंने दास प्रथा का विरोध किया और उनके प्रयासों से दास प्रथा समाप्त हो गई।

ख → बाल्यकाल में अब्राहम बहुत गरीब परिवार से था; उनके परिवार में प्रायः खाने-पीने की चीजों का भी अभाव रहता था। लिंकन पढाई में होशियार थे लेकिन उसके पास किताबें खरीदने के लिए पैसे नहीं थे। वह रात को सड़क की रोशनी में पढ़ता, लिंकन को बचपन में बड़ी कठिनाईयों का सामना करना पड़ा।

ग → 'अब्राहम बचपन से ही बड़ा शक्तिशाली था। एक दिन की बात है, कुछ लोगों को एक खंभा ले जाना था लेकिन कोई भी उसे उठा नहीं पा रहा था। अब्राहम ने जब

यह देखा तो उसने खंभे को कंधो पर उठाया और ठीक स्थान पर रख आया।

ध→ अब्राहम लिंकन ने अपने जीवन में बहुत परिश्रम किया। कड़े परिश्रम के फलस्वरूप वह अपने देश का राष्ट्रपति चुना गया और कहलाया गया अमरीका का प्रथम नागरिक।

ङ.→ अब्राहम लिंकन के जीवन से हमें आत्मविश्वास, दृढ़ संकल्प, परोपकार, परिश्रम, लगन, स्वतंत्र विचार, समानता की प्रेरणा मिलती है।

③

## लिखित



1. क. अब्राहम लिंकन को 'आज़ादी का मसीहा' क्यों कहा जाता है ?

   ख. बाल्यकाल में अब्राहम को किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ा ?

   ग. 'अब्राहम एक शक्तिशाली बालक था'—उदाहरण सहित स्पष्ट करो।

   घ. अब्राहम को उसकी लगन का क्या फल मिला ?

   ङ. अब्राहम लिंकन के जीवन से हमें क्या प्रेरणा मिलती है ?

true/false

2. सही ✓ या गलत ✗ लगाओ—

   क. अब्राहम लिंकन ने दास प्रथा का विरोध किया। ✓

   ख. लिंकन के परिवार में खाने-पीने की कोई कमी नहीं थी। ✗

   ग. लिंकन को 'आज़ादी का मसीहा' कहते हैं। ✓

   घ. लिंकन पढ़ाई में कमज़ोर था। ✗

   ङ. लिंकन को अमरीका का राष्ट्रपति चुना गया। ✓

## सोचकर लिखो—

Values - hard work
- motivation

व्यक्ति के कौन-कौन से गुण उसे लक्ष्य तक पहुँचाते हैं ? अपने विचार लिखो।

## भाषा से...

• antonym

1. नीचे दिए गए शब्दों के **विलोम शब्द** लिखो—

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| आदर | × | अनादर | पसंद | × | नापसंद |
| दुखद | × | सुखद | शक्तिशाली | × | कमज़ोर, दुर्बल |
| उपस्थित | × | अनुपस्थित | उचित | × | अनुचित |
| प्रभावित | × | अप्रभावित | उपलब्ध | × | अनुपलब्ध |

(5)

2. **वचन** बदलो—

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| दरवाज़ा | — | दरवाज़े | खिड़की | — | खिड़कियाँ |
| खंभा | — | खंभे | कठिनाई | — | कठिनाइयाँ |
| किताब | — | किताबें | कविता | — | कविताएँ |
| सड़क | — | सड़कें | महिला | — | महिलाएँ |

3. पढ़ो, समझो और लिखो—

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| खम्भा | — | खंभा | गाव | — | गाँव |
| सुन्दर | — | सुंदर | मुह | — | मुँह |
| कन्धा | — | कंधा | हसी | — | हँसी |
| घण्टा | — | घंटा | बूद | — | बूँद |

4. पढ़ो और समझो—

**शब्दशः, प्रातः, अतः, पुनः** शब्दों में 'श', 'त' और 'न' के साथ लगे दो बिंदुओं पर ध्यान दो। इन्हें पढ़ते समय हलकी-सी ह् की आवाज़ बोली जाती है। ये बिंदु विसर्ग कहलाते हैं। विसर्ग का प्रयोग केवल संस्कृत के शब्दों में होता है।

5. जिन शब्दों से काम के होने या करने का पता चलता है, क्रिया कहलाते हैं।

क्रिया का उचित रूप लिखकर वाक्य पूरे करो—

**क.** प्रतिष्ठित आदमी ने उसे सड़क पर पढ़ते देखा। (पढ़ना)

**ख.** लिंकन ने दास प्रथा का विरोध किया। (करना)

**ग.** लड़के बड़े अचरज से उसे देखते। (देखना)

**घ.** वर्षा ऋतु में छत से पानी टपकता था। (टपकना)

**ङ** लिंकन पादरी का उपदेश बड़े ध्यान से सुनता था। (सुनना)